संघ प्रदेश दमण एवं दीव के 54वें मुक्तिदिवस के अवसर पर

श्री विनोद पी. कावले, भा.प्र.से.

समाहर्ता एवं जिलाधीश, दीव

द्वारा पढ़ा जानेवाला

संघ प्रदेश दमण एवं दीव तथा दादरा एवं नगर हवेली के

माननीय प्रशासक महोदय का अभिभाषण

<u>दमण एवं दीव के चौवन-वें मुक्ति दिवस के अवसर पर माननीय प्रशासक, संघ प्रदेश दमण एवं दीव तथा दादरा एवं नगर हवेली का अभिभाषण.</u>

अध्यक्ष, दीव नगरपालिका परिषद्, दीव.

अध्यक्ष, जिला पंचायत, दीव.

पुलिस अधीक्षक, दीव.

माननीय सिविल न्यायाधीश एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, दीव.

दमण-दीव के स्वतंत्रता सेनानियों,

सभी राजनीतिक दलों के प्रमुख एवं प्रतिनिधि,

गणमान्य नागरिकों,

अधिकारियों,

व्यापारीगण,

मीडियाकर्मियों,

देवियों एवं सज्जनों

तथा प्यारे बच्चों ।

दमण एवं दीव के चौवन-वें मुक्ति दिवस के इस महान अवसर पर आप सबको मेरी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं । आईए, आज हम सभी उन वीर सपूतों को श्रद्धापूर्वक नमन करें, जिन्होंने इस प्रदेश को मुक्त कराने के लिए अपने जीवन को कुर्बान कर दिया ।

दमण एवं दीव के संघ प्रदेश बनने के बाद दीव ने विविध क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की है । आज मैं हाल ही में विविध क्षेत्रों में हुए विकास के बारे में आपसे कुछ बातें करना चाहूंगा ।

Tourism (पर्यटन) : दीव प्रकृति की गोद में बसा हुआ एक अत्यंत रमणीय प्रदेश है । प्रशासन इसके विकास एवं पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव प्रयासरत है । संघ प्रदेश प्रशासन यहां के विविध पर्यटक स्थलों के गुणवत्तापूर्ण सुधार पर विशेष रूप से ध्यान दे रहा है । दीव में जलंधर बीच (समर हाउस) से लेकर नायडा सर्किल तक तीन लाख बावन हजार रूपये की लागत से प्रकाशित करने का काम किया जा रहा है । तीन लाख तेइस हजार रूपये की लागत से सीम्बर गांव में एक नया प्रवेश द्वार बनाया गया है । दीव के विविध बीचों पर निन्यानबे लाख

रूपये की लागत से **Gazebo-Victorian Square** बनाए गए हैं । नागवा बीच पर पंद्रह लाख रूपये की लागत से चेंजिंग रूम को पुनर्निमित किया गया है ।

हमारा यह विश्वास है कि दीव में पर्यटन का विकास कर हम यहां के प्राकृतिक सौन्दर्य को और अधिक संरक्षित कर सकते हैं । ईको टुरिज्म पर हमारा विशेष ध्यान है । दो करोड़ बासठ लाख रूपये की लागत से चंद्रिकामाता मंदिर से लेकर दीव झांपा तक के **Heritage Walkway** की दीवार को और अधिक मजबूत बनाने का काम चल रहा है । चक्रतीर्थ बीच, दीव पर बने गांधी स्टेचू के सामने वाले उद्यान को उनचास लाख रूपये की लागत से प्रकाशित करने का काम किया गया है । हमारा इरादा दीव किला, पानी कोठा, चर्च सहित तमाम ऐतिहासिक भवनों के मरम्मत का भी है, क्योंकि ये सभी धरोहर हमारे लिए अति-महत्वपूर्ण हैं ।

हम मलाला में पचास एकड़ सरकारी जमीन पर एक **National Oceanarium** स्थापित करने के लिए भारत सरकार से बातचीत कर रहे हैं । भारत सरकार, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, नई दिल्ली की एक टेक्नीकल टीम ने स्थल का दौरा किया है और उन्होंने **Feasibility Report** प्रस्तुत कर दी है । इसके लिए पृथ्वी एवं विज्ञान मंत्रालय तथा संघ प्रदेश प्रशासन के बीच शीघ्र ही एक **MOU** साइन किया जाएगा । इस परियोजना में दीव के पर्यटन परिदृश्य को बदलने की भरपूर क्षमता है तथा इससे दीव विश्व के मानचित्र पर एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभरेगा ।

पर्यटकों को आकर्षिक करने के लिए दो करोड़ बीस लाख रूपये की लागत से होटल कोहिनूर से लेकर नागवा सर्किल तक एक विश्व स्तरीय साइकिल ट्रैक बनाया गया है ।

मुझे आपको यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि दीव से दमण होते हुए मुम्बई तक **Catamaran** सेवा चलाने के लिए **Shipping Corporation of India** एवं **OIDC** के बीच एक **MOU** साइन हुआ है । इस परियोजना से दीव के लिए कनेक्टीविटी बढ़ेगी और यहां के पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा ।

दीव को और अधिक सुंदर बनाने के लिए दस लाख रूपये की लागत से नागवा बीच, दीव के विकास हेतु कंसल्टेंसी सेवा का प्रस्ताव जारी है तथा दस लाख रूपये खर्च कर घोघला बीच से जेट्टी तक के समुद्र किनारे वाले क्षेत्र का भी विकास किया जाएगा ।

Fisheries (मत्स्य उद्योग) : मत्स्य उद्योग दीव के लोगों को रोजगार मुहैया कराने का एक महत्पूर्ण जरिया है । संघ प्रदेश प्रशासन का यह लक्ष्य है कि मौजूदा मत्स्य तकनीकों का आधुनिकीकरण कर तथा मछली पालन के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाकर रोजगार के अधिक से अधिक अवसरों का सृजन करे ।

मछुआरे भाईयों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने हेतु साउदवाड़ी में सैंतालीस लाख रूपये की लागत से एक नया पक्का फिशिंग प्लेटफार्म बनाया गया है ।

चालू वित्त वर्ष में साउदवाड़ी के पावटी में दो करोड़ पचपन लाख रूपये की लागत से फिशिंग प्लेटफॉर्म का संवर्धन एवं निर्माण किया जाना है ।

फिशिंग गतिविधियों को बेहतर बनाने के लिए हमने साउदवाड़ी में तथा घोघला के काजीमाम से बंदर जेट्टी तक पंद्रह करोड़ चौरानबे लाख रूपये की लागत से फिशिंग प्लेटफॉर्म बनाने का प्रस्ताव किया है । हम घोघला में एक करोड़ चार लाख रूपये की लागत से फिशिंग बोटों के बीचिंग एवं बर्थिंग के लिए एक ड्राय डाक प्लेटफॉर्म का निर्माण तथा Seashore, घोघला की मौजूदा पाईल जेट्टी को पचास लाख रूपये की लागत से मजबूत बनाने जा रहे हैं । एक करोड़ पैंतीस लाख रूपये खर्च कर पावटी गांव में नए बने फिशिंग प्लेटफॉर्म के ऊपर सीमेंट कंक्रीट की परत बिछाई जाएगी ।

"Replacement of Kerosene Driven Out Board Motor (OBM engine) by LPG Driven OBM for small fishing boats" योजना के अंतर्गत पैंतीस लाभार्थियों को बयालीस लाख रूपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है ।

GPS, VHF एवं अन्य संचार उपकरणों की खरीद हेतु दीव जिला के एक सौ अड़तीस बोट मालिकों को नब्बे लाख सोलह हजार रूपये की सब्सिडी प्रदान की जाएगी । चालू वित्तीय वर्ष में **"Financial Assistance to fishermen/boat owner for loading and unloading of fishing vessels from sea shore to land and vice versa during monsoon season"** की जिला प्लान स्कीम के अंतर्गत सात सौ सताईस बोट मालिकों को इकतीस लाख तीरासी हजार रूपये की राशि वितरित कर दी गई है ।

पाकिस्तानी जेल में बंद दीव जिला के तीस मछुआरे भाईयों को शीघ्र छुड़ाने के लिए उनकी राष्ट्रीयता सत्यापन एवं पुष्टीकरण पत्र गृह मंत्रालय, नई दिल्ली को भेज दिया गया है और भारत सरकार उन्हें छुड़ाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है । **"पाकिस्तानी समुद्री सुरक्षा एजेंसी द्वारा पकड़े गए नाव मालिकों/मछुआरों के लिए वित्तीय सहायता"** के अंतर्गत चौवन मछुआरा परिवारों को शीघ्र ही तेरह लाख उनतीस हजार रूपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी ।

हमने **Shrimp Farming** (झींगा पालन) के विकास के लिए बुचरवाड़ा एवं झोलावाड़ी में तीन सौ आठ हेक्टेयर सरकारी जमीन की पहचान की है । उनासी झींगा फार्म (प्रत्येक फॉर्म तीन हेक्टेयर क्षेत्र में) के लिए पट्टे पर सरकारी जमीन आबंटित करने हेतु मास्टर प्लान तैयार कर लिया गया है और यह योजना शीघ्र ही कार्यान्वित होगी ।

बंदरगाह एवं लाइट हाऊस : मछुवारे भाइयों को बेहतर सुविधा मुहैया कराने हेतु वणाकबारा में जलाराम सोसाइटी के निकट तीरासी लाख रूपये की लागत से पीलाणी बोटों के लिए अतिरिक्त रैम्प का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है ।

चार करोड़ तीरसठ लाख रूपये की लागत से वणाकबारा के जलाराम सोसाइटी से साउदवाड़ी तक ड्राय डॉक प्लेटफॉर्म का निर्माण एवं दीव में पूर्वी छोर पर मौजूदा जेट्टी पर निर्माण का काम प्रगति पर है ।

मुझे यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि **Dredging Corporation of India Ltd., Visakhapatnam** के साथ एक **MOU** साइन हुआ है जिसके तहत वणाकबारा एवं दीव की खाड़ी के मुहाने को चौड़ा व गहरा बनाने का काम किया जाएगा । यह एक काफी लंबित मुद्दा था । इससे फिशिंग एवं पर्यटक जहाज आसानी से सभी प्रकार के tide में आ सकेंगे ।

Infrastructure (**बुनियादी सुविधाएं**) **:** हम दीव में बुनियादी सुविधाओं को और बेहतर बनाने हेतु लगातार प्रयास कर रहे हैं । दीव जिला के नागरिकों को पानी की आपूर्ति हेतु अच्छी क्वालिटी के पाईप बिछाए जा रहे हैं तथा इससे संबंधित अन्य कार्य भी प्रगति पर हैं । अठाईस लाख रूपये की लागत से हम ग्रामीण क्षेत्रों में अतिरिक्त जलापूर्ति पाइप लाइन बिछा रहे हैं । झोलावाड़ी ग्राम पंचायत के डांगरवाड़ी एवं नागवा गांव में पैंतालीस लाख रूपये की लागत से **Reverse Osmosis Plant** लगाया गया है । एक करोड़ पच्चीस लाख रूपये की लागत से दगाची से पावटी गांव तक एवं वणाकबारा पंप हाउस से साउदवाड़ी पंप हाउस तक पाइप लाइन बिछाने, दीव जिला के ओवरहेड टैंकों, सम्प एवं पंप हाउसों का मरम्मत, नवीकरण एवं उनके रंगरोगन का कार्य प्रगति पर है । दीव जिला में जलापूर्ति हेतु सरदार सरोवर नहर आधारित पाइप लाइन परियोजना का लगभग आधा काम पूरा हो गया है ।

एक करोड़ सतानबे लाख रूपये की लागत से फुदम के बर्ड वाचिंग टावर की मुख्य सड़क तथा झांपा से नायडा हिन्दू श्मशान होते हुए वणाकबारा तक की मुख्य सड़क एवं वाटर सिसटर्न-फुदम से मंगिया-मलाला होते हुए दीव तक की सड़कों की रि-कार्पेटिंग का कार्य प्रगति पर है ।

चालू वित्तीय वर्ष दौरान छः करोड़ चौंतीस लाख रूपये की लागत से दीव जिले में विभिन्न स्थानों पर बस स्टैंड बनाए जाने का प्रस्ताव है ।

संभवत: मार्च, 2015 के अंत तक दीव के वणाकबारा से नागवा जंक्शन तक की मौजूदा सड़क को चौड़ा कर फोर लेन सड़क में परिवर्तित कर दिया जाएगा ।

Education (शिक्षा) : संघ प्रदेश प्रशासन दीव जिला में शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहा है । चालू वित्तीय वर्ष के दौरान एक करोड़ पचपन लाख रूपये की लागत से सरकारी उच्चतर माध्यमिक कन्या विद्यालय, घोघला, बुचरवाड़ा एवं वणाकबारा में अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण किया गया है । चौवन लाख रूपये की लागत से दीव जिला के विविध सरकारी माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में अतिरिक्त शौचालयों का निर्माण, एक करोड़ आठ लाख रूपये की लागत से दीव जिला के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में बुनियादी सुविधाओं को मुहैया कराए जाने का काम किया जा रहा है ।

दीव जिला के विविध सरकारी विद्यालयों के वर्ग कक्षों में विद्यार्थियों द्वारा विशेषकर परीक्षा के समय किये जाने वाले कदाचार एवं पढ़ाई के समय शिक्षकों की नियमितता की मॉनिटरिंग हेतु **CCTV** कैमरे लगाए गए हैं ।

"ज्ञान गौरव पुरस्कार" के अंतर्गत संघ प्रदेश स्तर पर एवं दीव जिला स्तर पर **"सर्वश्रेष्ठ सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरस्कार"** सरकारी उच्चतर माध्यमिक कन्या विद्यालय, वणाकबारा को प्राप्त हुआ है । कला प्रवाह में **"सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी पुरस्कार"** इसी विद्यालय की बामणिया हेतल देवजी और राठोड़ किरण करशन को प्राप्त हुआ है ।

सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, दीव के विज्ञान प्रवाह की रावल खुशबू विजय, सोलंकी मोनिका सुरेश एवं मकवाणा रमित महेन्द्र तथा वाणिज्य प्रवाह की सोलंकी भव्यताबेन जे. को **"सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी पुरस्कार"** से पुरस्कृत किया गया है ।

इसके अलावा तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान, दीव को भी दीव जिला स्तर पर **"सर्वश्रेष्ठ विद्यालय पुरस्कार"** प्राप्त हुआ है । इसी संस्थान की पानावधु फरनाजबानु अब्दुल्लतीफ को **"सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी पुरस्कार"** से नवाज़ा गया है ।

दीव उच्च शिक्षा सोसाइटी, दीव के अंतर्गत संचालित दीव कॉलेज में शैक्षणिक वर्ष 2014 में कला एवं वाणिज्य प्रवाह आरंभ किये गए हैं ।

दीव कॉलेज में दो सौ इक्यावन विद्यार्थियों ने दाखिला लिया है । कॉलेज के लिए ऑन-लाइन वेबसाइट एवं पूर्णत: सुसज्जित लैंग्वेज लेबोरेटरी का कार्य प्रगति पर है ।

मैकेनिकल, इलेक्ट्रीकल एवं सिविल इंजीनियरिंग फैकेल्टी की साठ-साठ सीटों के साथ इसी शैक्षणिक वर्ष से तकनीकी एवं उच्च शिक्षा संस्थान सोसाइटी के अंतर्गत सरकारी पोलिटेक्निक, दीव का आरंभ हुआ । एक सौ अस्सी विद्यार्थियों के दाखिले से यहां की सभी सीटें भर गई हैं । तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान, दीव के परिसर में नब्बे लाख रूपये की लागत से सरकारी पोलिटेक्निक के लिए प्रयोगशाला एवं पुस्तकालय हॉल का निर्माण कार्य प्रगति पर है । आशा है कि अगले वर्ष केवड़ी-डांगरवाड़ी के **Education Hub** में नए पोलिटेक्निक भवन का निर्माण कार्य आरंभ हो जाएगा ।

मुझे यह जानकर बेहद प्रसन्नता हुई कि सरकारी सर्वोत्तम माध्यमिक कन्या विद्यालय, दीव की सहायक शिक्षिका श्रीमती प्रतिभा गौरीशंकर स्मार्ट को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान व सेवाओं के लिए भारत के राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है ।

Health (स्वास्थ्य) : दीव के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से गांधीपरा, दीव में सत्रह करोड़ तिरपन लाख रूपये की लागत से बन रहे साठ बिस्तर वाले सरकारी अस्पताल का निर्माण कार्य शीघ्र ही पूरा हो जाएगा । दीव की जनता को बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए एक करोड़ रूपये की लागत से घोघला के बांडोडकर कॉलोनी एवं साउदवाड़ी में नए उप-केन्द्र बनाए जाने का प्रस्ताव है । वणाकबारा में ग्रामीण चिकित्सा दवाखाना के मरम्मत का काम पूरा हो गया है । चालू वर्ष के दौरान चौहत्तर लाख रूपये की लागत से फुदम, दगाची एवं बुचरवाड़ा के ग्रामीण दवाखाना के प्रथम तल का निर्माण कार्य प्रगति पर है ।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत सरकारी विद्यालयों, सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों के चौदह हजार बासठ विद्यार्थियों की स्वास्थ्य जांच की गई । इसमें से नौ सौ बावन विद्यार्थियों को आगे के ईलाज हेतु रेफर किया गया है । सी.एच.सी., घोघला एवं पी.एच.सी, वणाकबारा में डेंटल एवं फीजियोथेरेपी यूनिट को नए उपकरणों के साथ सुसज्जित किया गया है ।

Energy (ऊर्जा) : हम दीव जिला में विद्युत नेटवर्क को बढ़ाने और इसे मजबूत करने के लिए कई परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं । बिजली की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए दीव जिला की मुख्य सड़कों पर LED लाइटें लगाई गई हैं । बिजली की अबाध आपूर्ति हेतु ग्यारह के.वी (हाई टेंशन) ओवर हेड लाइन को भूमिगत केबल सिस्टम में परिवर्तित कर दिया गया है । दीव में एक तीन मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया जा रहा है ।

इसके अलावे एक छः मेगावाट अतिरिक्त क्षमता वाले सौर ऊर्जा संयंत्र को भी स्थापित करने का प्रस्ताव विचाराधीन है ।

Local Bodies (स्थानीय निकाय) : संघ प्रदेश के निवासियों के लाभार्थ विविध विकासीय परियोजनाओं एवं स्कीमों में यहां के स्थानीय निकायों की भरपूर भागीदारी रही है । घोघला झांपा के बाहर तथा नायडा में तीस लाख रूपये की लागत से पशु अहातों का निर्माण किया गया है । अभी हाल ही में घोघला में अठारह लाख रूपये की लागत से जल शुद्धिकरण संयंत्र का काम पूरा हुआ है । चालू वित्त वर्ष में सीवरेज प्रणाली, हेरिटेज वाक पर से देखने के लिए डेक, घोघला में तरणताल एवं इंडोर खेलों की सुविधा वाले जिम का निर्माण, चक्रतीर्थ बीच पर स्थित खुकरी मेमोरियल का सौंदर्यीकरण एवं अशोक नगर, घोघला के जॉगिंग ट्रैक सहित विविध प्रस्तावित परियोजनाओं के लिए पच्चीस करोड़ रूपये आबंटित किये गए हैं ।

इसके साथ ही हमारा नगरपालिका क्षेत्र को एक सोलर सीटी के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव है । पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए ऐतिहासिक किले के सामने लाइट एवं साउंड शो सिस्टम स्थापित किया जाएगा । कला शिक्षा की सुविधा सहित घोघला में तीन नए विद्यालय भवनों का निर्माण किया जाएगा ।

जिला पंचायत, दीव भी विकासीय परियोजनाओं एवं योजनाओं हेतु पहल कर रहा है । कुल उन्नीस करोड़ एक लाख रूपये की आबंटित राशि में से तीन करोड़ पचहत्तर लाख रूपये खर्च कर ग्राम पंचायत की सड़कों का निर्माण, गटर, सामुदायिक भवनों, ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों पर सीमेंट कंक्रीट की परत बिछाने जैसी विविध परियोजनाओं को पूरा गया है । आठ करोड़ रूपये की लागत से बुचरवाड़ा फाटक एवं नागवा गांव की मौजूदा तालाब को विकसित एवं सुंदर बनाने का काम, पंचायत क्षेत्र के विद्यालय भवनों की मरम्मत, जिला पंचायत के स्कूली बच्चों के लिए खेल के मैदान/बाल उद्यान/बगीचों के विकास का कार्य प्रगति पर है । बुचरवाड़ा ग्राम पंचायत के नए भवन का निर्माण कार्य पहले ही पूरा हो गया है ।

साउदवाड़ी झील का विकास, ग्रामीण क्षेत्रों में सीवरेज प्रणाली, गांवों के लिए रचनात्मक प्रशिक्षण केन्द्रों के निर्माण आदि के प्रस्ताव चल रहे हैं ।

Collectorate (समाहर्तालय) : मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि दीव जिला प्रशासन ने दीव जिला में **LPG** के लिए **Modified Direct Benefit Transfer** स्कीम के कार्यान्वयन में नब्बे प्रतिशत सफलता प्राप्त कर ली है ।

दीव जिला प्रशासन ने दीव जिला के निवासियों को उनके दरवाजे तक सरकारी सेवा उपलब्ध कराने के लिए 03 नवम्बर, 2014 को **"प्रशासन आपके द्वार"** कार्यक्रम का आयोजन किया था । इस कार्यक्रम में एक हजार दो सौ सोलह आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से एक हजार बावन आवेदनों का निपटान मौके पर ही कर दिया गया ।

उसी दिन तीन सौ पैंसठ आधार कार्ड मौके पर ही बनाए गए तथा आधार कार्ड बनाने के लिए समाहर्तालय में एक स्थाई केन्द्र भी खोल दिया गया है । इसके बाद से लेकर अबतक चार हजार अड़सठ लोगों ने अपने आधार कार्ड बनवाए हैं । मुझे इस बात की बेहद खुशी है कि दीव जिला प्रशासन यहां के सतानबे प्रतिशत लोगों को आधार कार्ड उपलब्ध करवा चुका है ।

Police (पुलिस) : दीव में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति हमेशा से नियंत्रण में रही है । पर्यटकों की सहायता एवं किसी भी प्रकार की अप्रिय घटनाओं की रोकथाम हेतु दीव में महत्वपूर्ण पयर्टक स्थलों पर पुलिस सहायता बूथ बनाए गए हैं । दीव पुलिस स्टेशन में अपराध एवं अपराधी खोजबीन नेटवर्क प्रणाली स्थापित की गई है । वणाकबारा में तटीय पुलिस स्टेशन बना दिया गया है । तटीय पुलिस की नौकाओं के लिए दीव में अलग से एक जेट्टी के निर्माण का कार्य भी प्रगति पर है ।

अंत में, मैं एक बार फिर से दीव की तमाम जनता को चौवन-वें मुक्ति दिवस की बधाई देना चाहता हूं ।

प्रशासन प्रत्येक क्षेत्र में असाधारण प्रगति कर रहा है और अभी भी कई परियोजनाएं एवं योजनाएं विचाराधीन हैं । हमें जन प्रतिनिधियों के साथ-साथ आम जनता का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है और मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि आप सबका यह सहयोग भविष्य में भी मिलता रहेगा ।

आईए हम अपने लक्ष्य की प्राप्ति हेतु मिलकर कार्य करें ।

"जय हिन्द"